# नागरी बुलेटिन

**त्रैमासिक ई-समाचार पत्रिका**

**अंक 05 ( जनवरी – मार्च 2023)**

## देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय

### गुलावठी, बुलंदशहर (उ.प्र.)

### (संबद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)

**www.dnpgcollege.ac.in**

**संरक्षक**

प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी (प्राचार्य)

**संपादक**

भवनीत सिंह बत्रा

**संपादकीय सलाहकार**

अतुल तोमर

डॉ विनीता गर्ग

डॉ महेंद्र कुमार

डॉ पुष्पेंद्र कुमार सिंह

डॉ अवधेश कुमार सिंह

पीयूष त्रिपाठी

हरिदत्त शर्मा

संदीप कुमार सिंह

डॉ विनय कुमार सिंह

नरेश कुमार

नवीन तोमर

कृष्ण कुमार

डॉ हरीश कसाना

शशि कपूर

श्याम प्रकाश

अमित कुमार

**अंक 05 – (जनवरी – मार्च, 2023)**

**प्रकाशन की तिथि –** 05 अप्रैल 2023

नागरी बुलेटिन एक त्रैमासिक ई-समाचार पत्रिका है जिसे देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी, जनपद बुलंदशहर द्वारा जारी किया जाता है।

© देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी 2023

सर्वाधिकार सुरक्षित।

नागरी बुलेटिन को https://dnpgcollege.ac.in/newsletter पर देखा जा सकता है।

# Institutional Head



**Shri Narendra Kumar**

**President, College Management Committee**



**Prof. Yougesh Kumar Tyagi**

**Principal**

# College Faculty



**Mr. Atul Tomar**

**Assistant Professor**

**Department of Mathematics**



**Dr. Vinita Garg**

**Assistant Professor**

**Department of Chemistry**



**Dr. Mahendra Kumar**

**Assistant Professor**

**Department of English**



**Dr. Pushpendra Kumar Mishra**

**Assistant Professor**

**Department of Political Science**



**Dr. Awadhesh Kumar Singh**

**Assistant Professor**

**Department of Physical Education**



**Mr. Peeyush Tripathi**

**Assistant Professor**

**Department of Political Science**



**Mr. Haridutt Sharma**
Assistant Professor
Department of Sanskrit



**Mr. Bhavnit Singh Batra**
Assistant Professor
Department of Economics



**Mr. Sandeep Kumar Singh**
Assistant Professor
Department of Hindi



**Dr. Vinay Kumar Singh**
Assistant Professor
Department of Chemistry



**Mr. Naresh Kumar**
Assistant Professor
Department of Physics



**Mr. Navin Tomar**
Assistant Professor
Department of Physical Education



**Mr. Krishna Kumar**
Assistant Professor
Department of Sociology



**Dr. Harish Kumar Kasana**
Assistant Professor
Department of Hindi



**Mr. Shashi Kapoor**
Assistant Professor
Department of Sociology



**Mr. Shyam Prakash**
Assistant Professor
Department of Mathematics



**Mr. Amit Kumar**
Lecturer
M.A. Economics (Self-Finance)

# समाचार

## जनवरी

### अंतर महाविद्यालयीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ




दिनांक 09 जनवरी 2023 को डीएनपीजी कॉलेज में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की अंतर महाविद्यालयीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उद्‌घाटन के अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. योगेश त्यागी ने कहा कि विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता करनी चाहिए। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ.अवधेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई।

संयोजक डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के क्षेत्राधिकार के 15 महाविद्यालयों से कुल 72 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। इन खिलाड़ियों में 50 छात्र और 22 छात्राएं हैं। उद्‌घाटन मैच में छात्र वर्ग के टीम इवेंट में मेरठ कॉलेज मेरठ विजेता रहा। जबकि डीएन कॉलेज मेरठ द्वितीय स्थान पर उपविजेता बना। मेरठ कॉलेज मेरठ को 11 प्वांइट मिले, जबकि डीएन कॉलेज मेरठ को 10.5 प्वाइंट मिले। विश्वविद्यालय की ओर से ऑब्जर्वर कम सिलेक्टर के रूप में एमएमएच कॉलेज गाजियाबाद से डॉक्टर पवन कुमार और अग्रसेन पीजी कॉलेज सिकंदराबाद से डॉ. सुशील कुमार ने कार्यक्रम में सहभागिता की। स्वागत वक्तव्य प्रतियोगिता के सह-संयोजक नवीन तोमर ने दिया।

अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने की। इस अवसर पर डॉ. विनीता गर्ग, अतुल तोमर, महेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र कुमार मिश्र, हरिदत्त शर्मा, संदीप कुमार सिंह, भवनीत सिंह बत्रा, डॉ. विनय कुमार सिंह, नरेश कुमार, हरीश कसाना, कृष्ण कुमार, श्याम प्रकाश और शशि कपूर आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता के चीफ ऑर्बिटर वैभव शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर छात्र और छात्राओं की व्यक्तिगत स्पर्धा तथा चैंपियनशिप भी आयोजित की जाएगी।

### विश्व हिंदी दिवस का आयोजन

दिनांक 11 जनवरी 2023 को देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी के हिंदी विभाग द्वारा 'विश्व हिंदी दिवस' के शुभ अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने की । अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य जी ने कहा कि हिंदी जनमानस की सरल भाषा है। वैश्वीकरण के युग में हिंदी का विस्तार व्यापक रूप से

हो रहा है। हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए व्यावहारिक शब्दों का अधिक प्रयोग करना चाहिए। हिंदी में सरल से सरलतम शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। हिंदी रिश्तों को सशक्त बनाती है।




महाविद्यालय के प्रो. पुष्पेंद्र मिश्र ने कहा कि राजनीति को छोड़ भाषायी एकीकरण आवश्यक है। हिंदी आज भारत के दक्षिण भाग में भी फल फूल रही है। प्रो. कृष्ण कुमार ने कहा कि हिंदी का भविष्य उज्ज्वल है। प्रो. भवनीत सिंह बत्रा ने कहा कि हिंदी आज वाणिज्य की दृष्टि से अत्यंत विकास कर रही है। फिल्मों, नाटकों, समाचार चैनलों द्वारा हिंदी व्यापार का बड़ा क्षेत्र बन गई है । अनुवाद के द्वारा हिंदी का व्यापक प्रसार हो रहा है। प्रो. हरिदत्त शर्मा ने कहा कि हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। हिंदी विश्व की सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा है । हिंदी की वर्णमाला विश्व में सबसे वैज्ञानिक है। हिंदी हमारी अस्मिता की पहचान है।

प्रो. विनय सिंह ने कहा कि हिंदी से ही हिंदुस्तान की पहचान है। हिंदी संबंधों को दृढ़ता प्रदान करती है। कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. हरीश कसाना ने कहा कि अनुवाद के द्वारा हिंदी वैश्विक पटल पर पहचान बना रही है। कार्यक्रम में छात्रा काजल यादव, अर्पिता गोयल, सुमैय्या परवीन तथा छात्र शिवा पीलवान, प्रमोद कुमार, अनुज कुमार आदि ने कविता के माध्यम से विश्व हिंदी दिवस पर अपने विचारों को व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर श्री कृष्ण कुमार, श्री शशि कपूर, श्री अमित कुमार, श्री दीपांशु, कुमारी मुस्कान तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

दिनांक 12 जनवरी 2023



स्वामी विवेकानंद के आदर्श सदैव अनुकरणीय : प्रो. योगेश त्यागी

भास्कर ब्यूरो

गुलावठी। स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर गुलावठी में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, वहीं ह्यराष्ट्रीय युवा दिवसह्न के अवसर पर डीएनपीजी कॉलेज गुलावठी में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स और स्टाफ के लोगों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने स्टूडेंट्स को स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श सदैव अनुकरणीय हैं। स्वामी जी के सिद्धांत आदर्श एवं अनुशासित समाज का निर्माण करते हैं। कार्यक्रम में विचार रखते हुए डॉ. महेंद्र कुमार ने कहा कि स्वामी के विचारों से विदेश में भी हमारे देश के मान-सम्मान को बढ़ावा मिला। डॉ. हरीश कुमार कसाना ने उनके प्रारंभिक जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ. विनीता ने कहा कि हमें परिस्थितियों से घबराना नहीं चाहिए। हरिदत्त शर्मा ने कहा कि हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार ने किया। कार्यक्रम में डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्र, अवधेश कुमार सिंह, संदीप कुमार सिंह, डॉ. विनय कुमार सिंह, नवीन तोमर, नरेश कुमार, शशि कपूर, श्याम प्रकाश, अमित कुमार, दीपांशु, मुस्कान तथा बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।



## मकर संक्रांति पर कॉलेज स्टूडेंट्स ने किया खिचड़ी के प्रसाद का वितरण

दिनांक- 14 जनवरी 2023



**डीएनपीजी गुलावठी कॉलेज के स्टूडेंट्स ने किया खिचड़ी का वितरण, लोगों ने भी की प्रशंसा**

विद्यादान के साथ अन्नदान सर्वाधिक परोपकारी कार्यः प्रो. त्यागी

भास्कर ब्यूरो

**गुलावठी।** मकर संक्रांति के अवसर पर गुलावठी में जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कैंप लगाकर खिचड़ी-प्रसाद का वितरण किया, वहीं डीएनपीजी गुलावठी के स्टूडेंट्स ने प्राचार्य प्रो. योगेश त्यागी एवं कॉलेज स्टाफ के समस्त लोगों की मौजूदगी में खिचड़ी का वितरण कर प्रशंसनीय कार्य किया। डीएनपीजी कॉलेज के स्टूडेंट्स द्वारा प्रसाद बांटने के कार्य पर लोगों ने भी छात्र-छात्राओं के कार्य की सराहना की। साथ ही कॉलेज प्राचार्य एवं स्टाफ के मार्गदर्शन की भी प्रशंसा की।

देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुलावठी द्वारा मकर संक्रांति पर्व के मद्देनजर लोगों को खिचड़ी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. योगेश त्यागी सहित समस्त स्टाफ ने महाविद्यालय के बाहर पंडाल लगाकर विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों को खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. योगेश त्यागी ने कहा कि विद्यादान के साथ अन्नदान सर्वाधिक परोपकारी कार्य है।

स्टूडेंट्स को शिक्षा ग्रहण करने के साथ पुण्यकार्यों की भी सीख लेनी चाहिए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्कृत विभाग के हरिदत्त शर्मा ने स्वस्तिवाचन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ के लोग व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।

## राष्ट्रीय स्नातक भौतिकी परीक्षा 2023 (NGPE-2023)

दिनांक 22 जनवरी 2023 को भौतिक विज्ञान विभाग देवनागरी महाविद्यालय गुलावठी ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर (आईएपीटी) के साथ मिलकर राष्ट्रीय स्नातक भौतिकी परीक्षा 2023 (NGPE-2023) का आयोजन किया। उक्त परीक्षा के केंद्र प्रभारी तथा भौतिक विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर नरेश कुमार ने बताया कि यह परीक्षा प्रत्येक वर्ष जनवरी में संपूर्ण भारतवर्ष में संपन्न कराई जाती है। इस परीक्षा में बीएससी के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में भाग लेने से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे कि नेट, गेट की तैयारी करने में मदद मिलती है। एनजीपीई में प्रत्येक केंद्र से 1% सफल परीक्षार्थियों को आईएपीटी से सेंटर टॉपर प्रमाण पत्र मिलेगा। प्रत्येक राज्य से शीर्ष 1% को स्टेट टॉपर प्रमाण पत्र मिलता है। राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 1% को नेशनल टॉपर प्रमाण पत्र तथा पुस्तक पुरस्कार मिलता है। टॉप 5 छात्रों को स्वर्ण पदक तथा छात्रवृत्ति मिलती है। टॉप 25 छात्रों को एसएन बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज कोलकाता में इंटीग्रेटेड पीएचडी में प्रवेश हेतु योग्य होंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार ने एनजीपीई 2023 के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि इस प्रकार की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाती हैं साथ ही इस तरह की परीक्षाओं के आयोजन से विद्यार्थियों में विषय के प्रति समझ बढ़ती है तथा उनकी रुचि में भी बढ़ोतरी होती है। संस्कृत विभाग के अस्सिटेंट प्रोफेसर हरिदत्त शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की महत्वपूर्ण परीक्षाओं से छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर आने का मौका मिलता है तथा छात्रों में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने की सकारात्मक सोच विकसित होगी। परीक्षा के बाद परीक्षार्थियों ने प्रश्न पत्र को वर्णनात्मक, कंसेप्ट पर आधारित तथा गणना करने वाला बताया। विद्यार्थियों ने प्रश्नपत्र को मध्यम से उच्च स्तर का बताया। परीक्षा के दौरान श्री हरिदत्त शर्मा, श्री दीपांशु शर्मा तथा श्री भूपेंद्र कुमार उपस्थित रहे.

## राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन

दिनांक 24 जनवरी 2023 को देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी के हिंदी विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने की। उन्होंने महाविद्यालय की छात्राओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहाँ बालिकाओं ने अपनी क्षमता का लोहा न मनवाया हो। डॉ. विनीता गर्ग ने बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यदि परिवार या समाज में बालिकाओं के साथ भेदभाव हो रहा हो तो हमें उसका विरोध करना चाहिए। पीयूष त्रिपाठी ने कहा कि बालिकाओं को अपने ऊपर विश्वास

रखना चाहिए कि वे किसी से कमजोर नहीं हैं। अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि बालक-बालिका में भेदभाव नहीं करना चाहिए। हरिदत्त शर्मा ने कहा बेटियाँ दोनों आँखों की रोशनी के समान होती हैं। डॉ. हरीश कुमार कसाना ने मैथिलीशरण गुप्त की कविता 'नर से भारी नारी, एक नहीं दो-दो मात्राएं भारी' कविता के माध्यम से नारी की महत्ता को व्यक्त किया।



इस अवसर पर छात्रा अर्पिता गोयल ने 'बेटा आज है लेकिन आने वाला कल हैं बेटियाँ', छात्रा अरमिश ने 'जननी हूँ, जीवन भी मैं, जज्बातों पे जोर नहीं' तथा छात्रा अनम मलिक ने 'कभी किसी की बहन बनकर उसकी कलाइयों पर राखी बाँधी' कविता का वाचन किया।

कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर भवनीत सिंह बत्रा, नवीन कुमार तोमर, कृष्ण कुमार, शशि कपूर, अमित कुमार तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का प्रथम एक दिवसीय कैम्प महाविद्यालय में आयोजित

दिनांक 25 जनवरी 2023



### डीएनपीजी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का एक दिवसीय शिविर आयोजित

देव केसरी/गुलावठी। नगर के डीएनपीजी कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का प्रथम एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण तथा कमरों की साफ सफाई की गई। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के अनुरूप समाज को जागरूक करने का सद्प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में इकरा समूह को प्रथम, नेहा समूह को द्वितीय तथा विनीता समूह को तृतीय चुना गया। स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर के माध्यम से मतदान के महत्व को रेखांकित किया। द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संदीप कुमार सिंह ने कहा कि हमें मतदान अवश्य करना चाहिए। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह, सहायक कार्यक्रम अधिकारी नवीन कुमार तोमर, डॉ. महेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, डॉ. अतुल तोमर, हरिदत्त शर्मा, भवनीत सिंह बत्रा, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार, शशि कपूर, श्याम प्रकाश, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस 2023 की झलकियां








## 'परीक्षा प्रबंधन हेतु श्रेष्ठतम अभ्यास' विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन



दिनांक 27 जनवरी 2023 को डी एन कॉलेज गुलावटी बुलंदशहर में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत परीक्षा एवम् मूल्यांकन को सुगम एवम पारदर्शी बनाने हेतु एक फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्कशॉप की थीम 'परीक्षा प्रबंधन हेतु श्रेष्ठतम अभ्यास' रखी गई । कार्यशाला की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य जी ने कहा कि इस कार्यशाला के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के समुचित क्रियान्वयन हेतु नियम निर्देशों का अनुपालन उचित ढंग से सीख पाएंगे । नई शिक्षा नीति 2020 में छात्रों के भावी प्रश्नों का नीतिगत निवारण करने में सुगमता प्राप्त होगी। यह कार्यशाला सभी प्रोफेसर्स एवम् छात्रों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी ।

कार्यशाला में छात्रों की परीक्षा संबंधी व्यवस्था यथा – बाह्य परीक्षा,आंतरिक परीक्षा, प्रयोगात्मक परीक्षा, मेजर तथा माइनर परीक्षा की संरचना तथा उत्तीर्ण होने की पूर्ण प्रक्रिया को क्रमशः समझाया गया। कार्यशाला में स्पष्ट किया गया कि नई शिक्षा नीति 2020 पूर्णतः पारदर्शी है। इसको पूर्णरूप से समझने की आवश्यकता है। नई शिक्षा नीति के तहत निर्मित सभी पाठ्यक्रम भविष्य का युवा तैयार करते हैं । नई शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य शिक्षा को रोजगारपरक बनाना है। कार्यशाला में सभी प्रोफेसर्स ने विविध प्रश्नों के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 को अच्छे से समझा ।

अभ्यर्थियों को तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश लेने के लिए कम से कम 23 क्रेडिट में पास होना होगा तथा तीन मेजर विषयों में कम से कम 18 क्रेडिट लाना होगा। कोई भी सेमेस्टर को छोड़ देने या फेल होने की दशा में ईयर बैक देना होगा। किसी विषय अथवा प्रैक्टिकल में फेल होने अथवा अंक सुधार के लिए अगले वर्ष सेमेस्टर परीक्षा के साथ दी जा सकती है। किसी विषय में पास होने के लिए थ्योरी तथा प्रैक्टिकल में अलग अलग पास होना आवश्यक है।

कार्यशाला का आयोजन कॉलेज के प्रोफेसर प्रो भवनीत सिंह बत्रा तथा प्रो शशि कपूर ने किया । कार्यशाला में कॉलेज के प्रोफेसर्स सर्वश्री अतुल तोमर, डॉ विनीता गर्ग, डॉ महेंद्र कुमार, डॉ पी के मिश्र, डॉ अवधेश कुमार सिंह, पीयूष त्रिपाठी, हरिदत्त शर्मा, डॉ संदीप कुमार सिंह, डॉ विनय कुमार सिंह, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार, नवीन तोमर, डॉ हरीश कसाना,शशि कपूर, श्याम प्रकाश, डॉ अमित कुमार, दीपांशु एवम् मुस्कान उपस्थित रहे।

## बैंकिंग तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में एक कार्यशाला आयोजित की गई

दिनांक 31 जनवरी 2023 को देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी की करियर एडवाइजरी समिति एवं करियर लांचर, बुलंदशहर के संयुक्त तत्वावधान में बैंकिंग तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में एक कार्यशाला आयोजित की गई। प्राचार्य प्रो0 योगेश कुमार त्यागी ने अपने संदेश में कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में सही जानकारी न होने से विद्यार्थी प्रतियोगिता में पिछड़ जाते हैं। इसके लिए अनुशासन तथा सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है।

कार्यशाला में करियर लांचर, बुलंदशहर के विशांत कुमार ने विभिन्न प्रकार की परीक्षाओं; जैसे एसएससी, बैंक, पुलिस आदि के पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न, पुस्तकों के चयन आदि संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की। विशांत कुमार ने बताया कि एसएससी विभिन्न विभागों में सरकारी सेवकों की भर्ती के लिए परीक्षाओं का आयोजन करती है। उन्होंने बताया कि 2022 से एनडीए (NDA) में महिलाएं भी शामिल हो सकती हैं।

एसएससी की परीक्षा में दो प्रश्न-पत्र होते हैं। प्रथम प्रश्न-पत्र गणित तथा द्वितीय प्रश्न-पत्र सामान्य ज्ञान तथा अंग्रेजी से संबंधित होता है। प्रथम प्रश्न-पत्र गणित में पास होना अनिवार्य होता है क्योंकि इसमें कट-ऑफ से कम अंक होने पर द्वितीय प्रश्न-पत्र चेक ही नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि सामान्य अध्ययन के लिए अलग-अलग विषयों की चुनिंदा एवं प्रामाणिक पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए।

डॉ पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यार्थी करियर के लिए केवल सरकारी नौकरियों पर ही निर्भर न रहते हुए बाजार के लिए अपनी दक्षताएं विकसित करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ महेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी सॉफ्ट स्किल सुधारने के लिए अंग्रेजी सुधारने पर बल देना चाहिए।


कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण कुमार ने किया। करियर एडवाइजरी समिति के संयोजक पीयूष त्रिपाठी ने बताया कि छात्रों की आवश्यकता तथा मांग को ध्यान में रखते हुए इस तरह की अन्य कार्यशालाएं तथा गाइडेन्स कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर अतुल तोमर, हरिदत्त शर्मा, नरेश कुमार, नवीन तोमर, शशि कपूर, श्याम प्रकाश, अमित कुमार तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# फरवरी

## केंद्रीय बजट 2023-24 पर ऑनलाइन राष्ट्र स्तरीय पैनल चर्चा


दिनांक 01 फरवरी 2023 को अर्थशास्त्र विभाग, देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी और अर्थशास्त्र विभाग, शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर, मध्य प्रदेश के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत केंद्रीय बजट 2023-24 पर ऑनलाइन राष्ट्र स्तरीय पैनल विश्लेषण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी एवं शासकीय महाविद्यालय, अनूपपुर, मध्य प्रदेश के प्राचार्य प्रो. जे.के. संत ने संयुक्त रूप से की। प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थी बजट को आसानी से समझ सकेंगे।



पैनल विश्लेषण में डॉ. लोकेश कुमार, प्रोफेसर जेएसपीजी कालेज सिकंदराबाद, बुलंदशहर, डॉ. विजय श्रीवास्तव एसोसिएट प्रोफेसर महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, लख़नऊ तथा डॉ. सूरज शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर एसएमपीजी कालेज चंदौसी, संभल शामिल रहे। इस परिचर्चा में बजट 2023-24 के मुख्य विषयों-शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई, कौशल विकास, रोजगार सृजन, हरित विकास एवं कर संरचना पर विस्तार से चर्चा की गई। तीनों वक्ताओं ने कहा कि यह बजट संतुलित एवं समावेशी विकास पर आधारित है। सरकार शिक्षा एवं स्वास्थ्य में पीपीटी मॉडल को अपनाना चाहती है। बजट में रोजगार एवं महंगाई पर स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनमोहन लाल विश्वकर्मा ने तथा श्रीमती पूनम धांडे ने अतिथियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस पैनल में शासकीय तुलसी कालेज, अनूपपुर मध्य प्रदेश साकेत कालेज, अयोध्या कोयलसा कालेज, आजमगढ़, कु. मायावती राजकीय महिला महाविद्यालय, गौतमबुद्धनगर, कालीचरण कालेज सहित अन्य कई महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं प्रतियोगी छात्र भी शामिल रहे।

## आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 पर ऑनलाइन राष्ट्र स्तरीय पैनल विश्लेषण



दिनांक 02 फरवरी 2023 को अर्थशास्त्र विभाग, देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी, बुलंदशहर और अर्थशास्त्र विभाग, शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर, मध्य प्रदेश के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 पर ऑनलाइन राष्ट्र स्तरीय पैनल विश्लेषण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी एवं शासकीय महाविद्यालय, अनूपपुर, मध्य प्रदेश के प्राचार्य प्रो. जे.के. संत ने संयुक्त रूप से की। पैनल विश्लेषण में श्री नीरज कुमार हिमांशु, मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, कोलकाता ज़ोन, डॉ. अनूप सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर आगरा कालेज, आगरा तथा श्रीमती शाफ़िया जहरा, असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय कालेज, पचमढ़ी, मध्य प्रदेश शामिल रहे।

पैनल विश्लेषण में आर्थिक सर्वेक्षण के मुख्य घटक-शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, उद्योग, विकास और महंगाई आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. अनूप सिंह ने कहा कि विगत 10 वर्षों के आंकड़ों को देखे तो सकारात्मक संदेश परिलक्षित होता है। मातृत्व मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में गिरावट आई है जो स्वास्थ्य सुधार को दर्शाता है। आरबीआई की कठोर मौद्रिक नीतियों के परिणामस्वरूप सीपीआई तथा डब्ल्यूपीआई क्रमशः 6.8% तथा 11.5% आ गए। ग्रामीण विकास हेतु गाँवों में स्वरोजगार के अवसर, फ़ूड प्रोसेसिंग, दुग्ध प्रसंस्करण तथा छोटे-छोटे उद्योगों का विकास रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डॉ. शाफ़िया जहरा ने कहा कि सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जनऔषधि आदि कार्यक्रमों की व्यापक पहुँच से स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर सुधार हो रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाएं -उज्ज्वला, ग्रामीण पेयजल, हर घर को जल, मनरेगा आदि के कारण ग्रामीण विकास को बल मिला है। श्री नीरज कुमार हिमांशु ने कहा कि सरकार द्वारा सामाजिक अवसंरचना-शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आवास के मामलों में किए गए विभिन्न सकारात्मक पहलों का उल्लेख करते हुए सबका साथ सबका विकास के नारे को सफल बताया। उन्होंने जनधन खाता के माध्यम से वित्तीय समावेशन को चमत्कारिक योजना बताया तथा इन खातों के माध्यम से छोटी बचतों को एकत्र करने में बहुत उपयोगी बताया। ग्रामीण विकास के संदर्भ में मनरेगा पर होने वाले व्यय में कमी को

अप्रत्याशित तथा रोजगार सृजन की अवधारणा के प्रतिकूल बताया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्र तथा डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने अतिथियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक भवनीत सिंह बत्रा एवं अमित भूषण द्विवेदी ने कहा कि भविष्य में इस तरह के और कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस पैनल में शासकीय तुलसी कालेज, अनूपपुर मध्य प्रदेश साकेत कालेज, अयोध्या कोयलसा कालेज, आजमगढ़, कु. मायावती राजकीय महिला महाविद्यालय, गौतमबुद्धनगर, कालीचरण कालेज सहित अन्य कई महाविद्यालयों के विद्यार्थी एवं प्रतियोगी छात्र भी शामिल रहे।

## विलियम शेक्सपियर के नाटक किंग लियर का शानदार मंचन



देवनागरी महाविद्यालय, गुलावठी, बुलंदशहर में विलियम शेक्सपियर के नाटक किंग लियर का मंचन महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में किया गया। यह नाटक एक राजा लियर के साम्राज्य के बेटियों के बीच राज्य के बंटवारे के बारे में है। नाटक के निर्माता निर्देशक डॉ महेंद्र कुमार ने नाटक की रूपरेखा बताते हुए प्रमुख पात्रों का परिचय कराया।




प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने नाटक की सराहना करते हुए कहा कि इसमें सभी पात्रों ने उत्कृष्ट अभिनय किया है। महाविद्यालय सभी छात्रों को उनकी अभिरुचि को विकसित करने के लिए स्पेस देने के लिए तैयार है। उन्होंने नाटक के निर्देशक डॉ महेंद्र कुमार तथा अतिथि प्रवक्ता कुमारी मुस्कान की सराहना की।

काजल यादव ने किंग लियर, सना तमन्ना तथा मुस्कान ने उनकी बेटियों गोनेरिल, रीगन तथा कोरडीलिया, पायल गुंजन तथा रमा ने राजा के दामाद अल्बानी, कॉर्नवाल और किंग ऑफ फ्रांस की भूमिका अदा की। इसके अलावा इरम नाज़, शिरीन, उमा शर्मा, अनुज, विवेक, वंश तथा प्रमोद ने भी भी नाटक में विभिन्न भूमिकाएं अदा कीं।



कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक परिषद के संयोजक पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर आइक्यूएसी के संयोजक पीयूष त्रिपाठी, अतुल तोमर, भवनीत सिंह बत्रा, हरिदत्त शर्मा, नरेश कुमार, डॉ विनय कुमार सिंह, डॉ हरीश कसाना, शशि कपूर, श्याम प्रकाश तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत ग्रेडिंग प्रणाली को सुगम एवम पारदर्शी बनाने हेतु 'उच्चतर शिक्षण संस्थानों में श्रेष्ठतम अभ्यास' थीम पर फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन



दिनांक 14 फरवरी 2023 को को डी एन कॉलेज गुलावठी बुलंदशहर में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत ग्रेडिंग प्रणाली को सुगम एवम पारदर्शी बनाने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। वर्कशॉप की थीम 'उच्चतर शिक्षण संस्थानों में श्रेष्ठतम अभ्यास' रखी गई । कार्यशाला की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य जी ने कहा कि इस कार्यशाला के द्वारा प्राध्यापक नई शिक्षा नीति 2020 के समुचित क्रियान्वयन हेतु नियम निर्देशों का अनुपालन उचित ढंग से सीख पाएंगे । नई शिक्षा नीति 2020 विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2021-22 से लागू हुआ लेकिन अभी भी इसके सैद्धांतिक परीक्षा, प्रयोगात्मक परीक्षा में न्यूनतम अंकों के निर्धारण तथा अंकों को सीजीपीए में परिवर्तित करने हेतु फार्मूला को लेकर प्राध्यापकों और छात्रों में कई भ्रांतियाँ है। वर्क्शाप के द्वारा छात्रों के भावी प्रश्नों का नीतिगत निवारण करने में सुगमता प्राप्त होगी। यह कार्यशाला सभी प्रोफेसर्स एवम् छात्रों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी ।

कार्यशाला के प्रशिक्षक कॉलेज के प्रोफेसर शशि कपूर ने नई शिक्षा नीति की बारीकियों को बहुत अच्छी तरह स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 पूर्णतः पारदर्शी है। नई शिक्षा नीति से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है जिसे https://ccsuniversity.ac.in/ccsu/education-policy.htm पर जाकर देखा जा सकता है। यहाँ पर केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा जारी दस्तावेज़ और आदेश पीडीएफ़, पीपीटी एवं विडिओ के माध्यम से अपलोड किए गए हैं। कार्यशाला में सभी प्रोफेसर्स ने विविध प्रश्नों के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 को अच्छे से समझा ।

कार्यशाला के संयोजक भवनीत सिंह बत्रा ने कि नई शिक्षा नीति के तहत निर्मित सभी पाठ्यक्रम भविष्य का युवा तैयार करते हैं । नई शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य शिक्षा को रोजगारपरक बनाना है। । कार्यशाला में कॉलेज के प्रोफेसर्स सर्वश्री अतुल तोमर, डॉ विनीता गर्ग, डॉ महेंद्र कुमार, पीयूष त्रिपाठी, हरिदत्त शर्मा, डॉ संदीप कुमार सिंह, डॉ विनय कुमार सिंह, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार, नवीन तोमर, डॉ हरीश कसाना, शशि कपूर, श्याम प्रकाश, डॉ अमित कुमार, दीपांशु एवम् मुस्कान उपस्थित रहे।

## 'स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों की वर्तमान संदर्भों में प्रासंगिकता' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन

दिनांक 15 फरवरी 2023 को डी एन कॉलेज गुलावटी बुलंदशहर के समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों की वर्तमान संदर्भों में प्रासंगिकता' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। आयोजन की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य जी ने कहा कि स्वामी जी के सिद्धांतों को जीवन में धारण करने को कहा कि स्वामी जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, रूढ़ियों को दूर करने की बात कही तथा एक आदर्श एवम् अनुशासित समाज की स्थापना की। स्वामी जी द्वारा स्थापित आर्य

समाज एक व्यवस्थित एवम् अनुशासित समाज का उदाहरण प्रस्तुत करता है। प्राचार्य जी अपने जीवन के विविध अनुभवों को छात्रों से साझा किया। मुख्य वक्ता संस्कृत विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री हरिदत्त शर्मा जी ने कहा कि स्वामी दयानंद जी के वेद संबंधी विचारों की तार्किकता पर प्रकाश डाला। बताया कि स्वामी जी ने त्रेत वाद का मूल्यवान सिद्धांत प्रतिपादित किया। अपने विश्व प्रसिद्ध ग्रंथ 'सत्यार्थ प्रकाश' में उन्होंने ईश्वर के विविध नामों की अर्थवत्ता को स्पष्ट किया। 'वेदों की ओर लौट चलो।' का नारा दिया। स्वामी जी ने मनुष्यता का संदेश देते हुए कहा कि मनुर्र भव: अर्थात मनुष्य बनो। रसायन शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ विनीता गर्ग जी ने कहा कि छात्रों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा उनके बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो नरेश कुमार ने बताया कि स्वामी जी ने वैदिक शिक्षा को आधुनिक शिक्षा से संबद्ध करते हुए विभिन्न एंग्लो इंडियन संस्थानों की उपादेयता को सिद्ध किया। बताया कि स्वामी जी अपने समय में अनेक बार बुलंदशहर जनपद में प्रवास किया। स्वामी जी के जीवन से जुड़े विविध प्रसंगों को रेखांकित किया।




राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रो पीयूष त्रिपाठी जी ने स्वामी जी के सामाजिक विचारों को रेखांकित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रोफेसर्स सर्वश्री अतुल तोमर, डॉ महेंद्र सिंह, भवनीत सिंह बत्रा, डॉ विनय कुमार सिंह, डॉ हरीश कुमार कसाना, श्याम प्रकाश, डॉ अमित कुमार, दीपांशु तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## रोवर्स एण्ड रेंजर्स इकाई का तीन दिवसीय प्रवेश कैम्प आयोजित



दिनांक 22 से 24 फरवरी 2023 को देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी की रोवर्स एण्ड रेंजर्स इकाई के तीन दिवसीय प्रवेश कैम्प आयोजित किया गया। प्रथम दिन कैम्प का का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्पण करके किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने रोवर्स और रेंजर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की पाठ्यसहगामी क्रियाओं से व्यक्तित्व का विकास होता है।



प्रवेश कैम्प के प्रथम दिवस में विश्व चिंतन दिवस मनाया गया। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 22 फरवरी को स्काउट के संस्थापक रॉबर्ट बेडेन पॉवेल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। श्रीमती राजबाला शर्मा, जिला प्रशिक्षण

समन्यवक, बुलंदशहर ने स्काउटिंग एण्ड गाइडिंग का परिचय कराते हुए रोवर्स एण्ड रेंजर्स को विभिन्न प्रकार की तालियों-स्वागत ताली, धन्यवाद ताली, सैल्यूट ताली, समूह में टोली बनाकर कार्य करना आदि को सिखाया।

रोवर्स लीडर डॉ. अवधेश कुमार सिंह एवं रेंजर्स लीडर डॉ. विनीता गर्ग ने बताया कि यह प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद रोवर्स तथा रेंजर्स आपदा प्रबंधन में अपना सहयोग प्रदान कर सकेंगे।



इस अवसर पर डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्र, पीयूष त्रिपाठी, भवनीत सिंह बत्रा, संदीप कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, हरीश कुमार कसाना, शशि कपूर, मुस्कान एवं रोवर्स एण्ड रेंजर्स उपस्थित रहे।

देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी की रोवर्स एण्ड रेंजर्स इकाई के त्रिदिवसीय प्रवेश कैम्प के दूसरे दिन स्काउट गाइड ध्वज को महाविद्यालय प्रांगण में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी द्वारा फहराया गया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्रीमती राजबाला शर्मा, रोवर्स लीडर डॉ.अवधेश कुमार सिंह, रेंजर्स लीडर डॉ. विनीता गर्ग ने स्काउट गाइड ध्वज को सैल्युट किया। रोवर्स एण्ड रेंजर्स ने प्रार्थना गीत एवं झंडा गीत गया। द्वितीय सत्र में श्रीमती राजबाला शर्मा ने भोजन मंत्र, टेंट निर्माण आदि गतिविधियों को विस्तार रूप से समझाते हुए जुलाहा गांठ, लट्ठा फांस, अटल गांठ, खूंटा फांस, लघुकर गांठ तथा विभिन्न प्रकार के बंधनों को सिखाया।



प्रवेश कैम्प के अंतिम दिन फ्लैग शिष्टाचार के उपरांत रोवर्स एण्ड रेंजर्स को बीपी सिक्स एक्सरसाइज एवं योगाभ्यास कराया गया। रोवर्स एण्ड रेंजर्स टीम ने भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, महारानी लक्ष्मीबाई, गंगा, सरस्वती आदि ने टैंट का निर्माण किया। सभी अतिथियों के लिए अपने-अपने टैंट में विभिन्न गैजेट्स के द्वारा भोजन निर्माण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ ने टेंट का निरीक्षण किया।



समापन सत्र में रोवर्स लीडर डॉ अवधेश कुमार सिंह ने इकाई के तीन दिवसीय विशेष शिविर के लिए रोवर्स एण्ड रेंजर्स को शुभकामनाएं दी एवं तीन दिवसीय रिपोर्ट पढ़ी। रेंजर्स लीडर डॉ विनीता गर्ग ने कहा कि इस तरह के शिविर के माध्यम से युवाओं को अनुशासन और परिस्थितियों से मुकाबला करने की प्रेरणा मिलती है। प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा रोवर्स एण्ड रेंजर्स प्रवेश कैंप के माध्यम छात्र-छात्राओं में समाज सेवा की भावना विकसित होती है।



कार्यक्रम में डॉ. महेंद्र कुमार, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्र, पीयूष त्रिपाठी, संदीप कुमार सिंह, भवनीत सिंह बत्रा, हरिदत्त शर्मा, नरेश कुमार, डॉ. हरीश कुमार कसाना, डॉ. विनय कुमार सिंह, नवीन तोमर, श्याम प्रकाश, शशि कपूर, मुस्कान, दीपांशु आदि प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। शिक्षणेत्तर कर्मचारी भूपेंद्र कुमार, अंकित गोयल का भी सहयोग रहा।



## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन



दिनांक 25 फरवरी 2023 को देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुलावठी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्राचीन बड़ा महादेव मंदिर में किया गया। शिविर के प्रारंभ में स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने मंदिर के प्रांगण की सफाई की। इसी बीच महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने आज के कार्यक्रम की थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। थीम के विषय को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने स्त्री शिक्षा के पहलुओं पर बल दिया और कहा हमें एक ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जिसमें हमारी बेटियां स्वयं की शिक्षा और रक्षा दोनों कर सके और आत्मनिर्भर बन सके क्योंकि आधुनिकीकरण के दौर में स्त्री शिक्षा हर जगह दिखाई देती है पर जहां स्त्री रक्षा की बात आती है वहां यह शून्य है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर पीयूष त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सर्वप्रथम उन्होंने छात्राओं का ध्यान केंद्रित करते हुए 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' इस विषय को एक अभियान की तरह चलाने की आवश्यकता क्यों पड़ी पर अपने विचार प्रस्तुत किए और अपने भविष्य को सफल बनाने के लिए सफल बनाने के लिए निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



इसी दौरान बीए द्वितीय वर्ष के छात्र विवेक कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना की एक पीपीटी प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त कार्यक्रम एवं नियमों को फोटो और वीडियो के माध्यम से स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को बताया। इसी बीच कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए श्लोक के माध्यम से नारी सम्मान का महत्व बताया और छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के साथ शारीरिक रूप से भी फिट रहने की सलाह दी। कार्यक्रम

के अंतर्गत बीए तृतीय वर्ष की छात्रा तमन्ना गोस्वामी, रमा शर्मा, काजल यादव, उमा शर्मा, गुंजन यादव आदि ने कविता के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ अतुल तोमर कृष्ण कुमार हरिदत्त शर्मा भवनीत सिंह बत्रा नरेश कुमार पुष्पेंद्र कुमार मिश्र विनीता गर्ग विनय कुमार महेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, मुस्कान एवं स्वयंसेवक वंश यादव, पप्पू पाल, अनुज कुमार ,अनुज अंबेडकर, विनोद हिमांशु आदि मौजूद रहे।

## 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



दिनांक 28 फरवरी 2023 को डी एन कॉलेज गुलावटी बुलंदशहर के विज्ञान संकाय द्वारा 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कराया गया । प्रदर्शनी का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने फीता काटकर किया ।अपने संरक्षीय आशीर्वाद रूपी संबोधन में बोलते हुए प्राचार्य जी ने कहा कि विज्ञान जीवन को सरल बनाता है। नित नवीन आविष्कार द्वारा समाज की प्रगति सुनिश्चित करता है। विज्ञान आधुनिक समाज की नींव रखता है। प्राचार्य जी ने विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन हेतु संबंधित शिक्षकों को बधाई दी तथा प्रदर्शनी में भाग लेने वाले छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गणित विभाग के प्रो. अतुल तोमर ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो अतुल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में विज्ञान के विशिष्ट प्रयोग की अवधारणा को बल देते हैं तथा साथ हि छात्रों के आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। रसायन विभाग की अध्यक्ष डॉ विनीता गर्ग ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन महान वैज्ञानिक सर सी वी रमन के आविष्कार रमन प्रभाव पर सन 1930 ई० में मिले नोबेल पुरस्कार के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है। भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो नरेश कुमार ने बताया कि रमन प्रभाव की खोज सर सी वी रमन ने सन 1928 ई में की थी। उन्होंने छात्रों को सूचना देते हुए बताया कि सर रमन ने घर पर बने स्पेक्टोमीटर से इस आविष्कार को किया। इसी आविष्कार के आधार पर सन 1954 में भारत सरकार ने भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। सन 1987 से प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। महाविद्यालय के आज के इस कार्यक्रम की थीम 'ग्लोबल साइंस फॉर ग्लोबल वेल बीइंग' रखी गई। जिसके अंतर्गत प्रो नरेश कुमार ने छात्रों को दो चुनौतियां दी -

1. थोरियम को न्यूक्लियर रिएक्टर में कैसे प्रयोग करें ।

2. कश्मीर में प्राप्त लिथियम के भंडार को किस प्रकार प्रयोग में लाएं।

अपने संबोधन में प्रो नरेश ने कहा कि युवा मस्तिष्क को विज्ञान की ओर आकर्षित करने का उद्देश्य रखती है।जिसके लिए युवाओं को स्वयं को तैयार करना चाहिए।

रसायन विभाग के प्रो विनय कुमार सिंह ने कहा कि विज्ञान वैश्विक उन्नति में अग्रणीय भूमिका निभा रहा है । विज्ञान का क्षेत्र वैश्विक है । पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने विज्ञान के महत्व को स्वीकारते हुए सन 2008 में जय जवान जय किसान जय विज्ञान का नारा दिया था। अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमार ने कहा कि महाविद्यालय की स्थापना विज्ञान विषय के साथ ही हुई थी । इस महाविद्यालय की प्रगति में विज्ञान संकाय का

महत्वपूर्ण योगदान है । शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ अवधेश कुमार सिंह ने छात्रों को विज्ञान दिवस एवम् विज्ञान प्रदर्शनी हेतु शुभकामनाएं दी।



प्रदर्शनी में वाटर प्यूरीफायर, एनर्जी रिसोर्स,सोलर लूनर एक्लिप्स, सेव अर्थ, डेम वर्किंग मॉडल, अर्थक्केक अलार्म, वाटर साइकिल, जियोस्टेशनरी सैटेलाइट, एनर्जी कंजर्वेशन, डे एंड लाइट मॉडल, इलेक्ट्रिसिटी जेनरेट बाय मोटर तथा रेन गेज आदि विषयों पर छात्रों द्वारा मॉडल बना कर प्रदर्शित किए गए । प्रदर्शनी में ज्यूरी सदस्यों द्वारा मोनिका यादव ग्रुप को प्रथम,दीपांशु कुमार ग्रुप को द्वितीय तथा प्रज्ञा ग्रुप तथा केशव कुमार ग्रुप को तृतीय स्थान की घोषणा की गई।

प्रदर्शनी में ज्यूरी के रूप में डॉ महेंद्र कुमार, डॉ अवधेश कुमार सिंह तथा प्रो शशि कपूर उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन छात्रा प्रज्ञा कंसल तथा कुमकुम ने किया। महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर्स एवम् छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन



दिनांक 01 मार्च 2023 को देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन देवनागरी इंटर कालेज के खेल मैदान में लगाया गया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा खेल के मैदान की साफ सफाई की गई।

द्वितीय सत्र में जल संरक्षण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार त्यागी ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि जल संरक्षित करने में अपना योगदान दें। महाविद्यालय द्वारा जल संरक्षण को एक मिशन के रूप मे स्वीकार किये जाने पर चर्चा करते हुए राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि महाविद्यालय गुलावठी मे बहने वाली काली नदी को गोद ले चुका है और अब शीघ्र ही स्वयंसेवको के योगदान से नदी पुनर्जीवन का कार्य शुरू किया जाएगा।

हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप कुमार सिंह ने कहा कि यदि हम दैनिक क्रियाओं में जल के उपयोग के समय जागरुक रहें तो जल सरंक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विनय कुमार सिंह ने कहा कि पृथ्वी में पेयजल की मात्रा सीमित है। जल के बिना जीवन संभव

नहीं है इसलिए जल को आवश्यकतानुसार उपयोग में लाना चाहिए।



राष्ट्रीय सेवा योजना के सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरीश कुमार कसाना ने कहा कि जल प्रकृति द्वारा दिया गया अनमोल उपहार है इसे बचाकर रखना चाहिए।

स्वयंसेविका काजल यादव ने जल संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। स्वयंसेविका रिया गिरी ने 'जल संरक्षण सबको सिखाएं' कविता, पायल भिंडवाल अर्पिता गोयल ने 'इक बार सोच के देख जरा, क्या जल बिना तुम जी पाओगे' कविताओं के माध्यम से जल सरंक्षण के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को 'जल सरंक्षण की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्र, पीयूष त्रिपाठी, भवनीत सिंह बत्रा तथा स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन

देवनागरी महाविद्यालय गुलावठी, बुलंदशहर में एक दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन देवनागरी इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर किया गया।



विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि खेलों से मानसिक तथा शारीरिक विकास होता है टीम भावना एवं मैनेजमेंट के गुण विकसित होते हैं। उन्होंने वार्षिक खेलकूद के सफल आयोजन के लिए शारीरिक शिक्षा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अवधेश कुमार सिंग तथा क्रीड़ा सचिव नवीन कुमार को बधाई दी।



100 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में रोहित ने प्रथम, पुष्पेंद्र ने द्वितीय तथा कुलदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि छात्रा वर्ग में गरिमा शर्मा प्रथम, संध्या द्वितीय तथा प्रिया शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं।

200 मीटर पुरुष वर्ग में कुलदीप ने प्रथम, रोहित ने द्वितीय तथा फरहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा महिला वर्ग में सोनम प्रथम, प्रिया शर्मा द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर पिंकी रहीं।

800 मीटर महिला वर्ग में रिया गिरि ने प्रथम, अंशू ने द्वितीय तथा मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि

1500 मीटर पुरुष वर्ग में पुष्पेंद्र ने प्रथम, ललित ने द्वितीय तथा विकास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



लम्बी कूद पुरुष वर्ग में रोहित कुमार, अमन तथा अनुज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि महिला वर्ग में गरिमा ने प्रथम, रिया गिरि ने द्वितीय रिया यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



इस अवसर पर उत्साहवर्धन करने के लिए महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आरंभ

दिनांक 13 मार्च 2023 को डीएनपीजी कॉलेज गुलावठी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का आरंभ चयनित ग्राम अटटा के बीआर इंटरनेशनल स्कूल में किया गया. शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी , बी आर स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती अंशु निदेशक श्री अमित नागर, चीफ गेस्ट डॉ विवेक सिंह, डॉ विग्नेश कुमार आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण करके किया.




इस अवसर पर डीएनपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी जी ने सभी स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी । शुभकामना संदेश के द्वारा प्राचार्य जी ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति जागरूक किया तथा युवा स्वयंसेवकों को कर्तव्य पथ पर अडिग रहने का आह्वान किया । मुख्य अतिथि चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो विग्नेश कुमार सिंह ने छात्रों/स्वयंसेवकों को जीवन के मूल कर्तव्यों को जीवन के साथ जोड़कर व्याख्यायित किया। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों को जीवन तपस्या और सेवा का जीवन है। उन्होंने अपने छात्र जीवन के विविध अनुभवों को स्वयंसेवकों के समक्ष साझा किया।




विशिष्ट अतिथि चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के लीगल स्टडीज विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ विवेक कुमार ने स्वयंसेवकों को शुभाशीष देते हुए कहा कि स्वयं

सहायता समूह छात्र जीवन में आत्मनिर्भरता एवम स्वावलंबन का भाव पैदा करते हैं, चरित्र निर्माण करते हैं.



तत्पश्चात बी आर इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती अंशु मैम ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया. एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह सर ने छात्र-छात्राओं को एनएसएस के महत्व के बारे में प्रकाश डाला. शिविर के प्रथम सत्र का आरंभ स्वयं सेविकाओं द्वारा लक्ष्य गीत, स्वागत गीत और देश भक्ति गीत के साथ उत्साह पूर्वक प्रस्तुत किया। भाषण वंश यादव व प्रज्ञा कंसल तथा कविता तमन्ना गोस्वामी और स्वागत स्पीच अवधेश सर के द्वारा प्रस्तुत की गई । कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने सात दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत कर स्वयंसेवकों और स्वयं सेविकाओं की 5 टोलियों में बैठाकर उन्हें कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से अवगत कराया । सभी स्वयंसेवियों ने स्वच्छ भारत अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर बी आर स्कूल के प्रबंधक श्री सतीश नागर, डी एन कॉलेज गुलावटी के डॉ पुष्पेंद्र मिश्रा, प्रो पीयूष त्रिपाठी, प्रो नवीन तोमर आदि उपस्थित रहे । अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ हरीश कसाना के द्वारा किया गया । कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान के साथ की गई। कार्यक्रम में मंच संचालन काजल यादव तथा तमन्ना गोस्वामी ने किया ।

## एन एस एस शिविर के दूसरे दिन 'पढ़ेगा इंडिया बढ़ेगा इंडिया' थीम पर जनजागरूकता रैली निकाली गई

दिनांक 14 फरवरी 2023 को डी एन कॉलेज गुलावठी की एन एस एस शाखा के बी आर इंटरनेशनल स्कूल अट्टा में चल रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन 'पढ़ेगा इंडिया बढ़ेगा इंडिया' थीम पर जनजागरूकता रैली निकाली गई।



## एन एस एस शाखा के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन को योग दिवस के रूप में मनाया गया



दिनांक 15 फरवरी 2023 को डी एन कॉलेज गुलावठी की एन एस एस शाखा के बी आर इंटरनेशनल स्कूल अट्टा में चल रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन योग दिवस के रूप में मनाया गया। योग अभ्यास हेतु अग्रसेन कॉलेज सिकंदराबाद के सेवानिवृत प्रो सुरेंद्र सौरभ जी तथा आई टी एस इंजीनियरिंग कॉलेज गौतम बुध नगर के कंप्यूटर साइंस के प्रो कुलदीप सिंह का आगमन हुआ । अपने संबोधन में प्रो सुरेंद्र सौरभ जी ने स्वयं सेवकों को योग के वैदिक सार से अवगत कराया है। योग समाज को जोड़ता है । योग को जीवन में अपनाने वाला व्यक्ति सकारात्मक विचारों से जुड़ता है। शिविर की थीम बनो योगी रहो निरोगी को अपने संबोधन में उन्होंने सराहा । डॉ कुलदीप मलिक जी अपने संबोधन में योग को जनमानस से जोड़कर व्याख्यायित किया। योग मानव जीवन में मनुष्यता का पोषक है। योग के द्वारा छात्र जीवन में

आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन, चारित्रिक उत्कर्ष, नैतिकता आदि गुण का विकास होता है।

शिविर के द्वितीय सत्र में श्री माधव कॉलेज ऑफ एजुकेशन हापुड़ की प्रो मोहिनी सैनी तथा वूमन हेल्प डेस्क की संयोजक डॉ रानी जी ने पर्यावरण संरक्षण में समाज की भूमिका तथा समाज की पर्यावरण संरक्षण में भूमिका पर बल दिया । अपने संबोधन में डॉ रानी जी अमृत तालाब की आधारभूत संरचना के विषय में जानकारी दी । सरकार की अमृत सरोवर योजना के संबंध में जानकारी दी ।

- जल संरक्षण के तरीके तथा
- जल संरक्षण के उपाय जैसे -
- वृक्षारोपण,रिसाव व वाष्पीकरण रोकना।
- जल संरक्षण कैसे किया जा सकता है?

अपने संदेश में प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि महाविद्यालय ने काली नदी के पुनर्जीवन के लिए सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया है तथा एनएसएस के स्वयंसेवकों के माध्यम से इस काम में शीघ्रता लाई जाएगी।

जल को देशीय वृक्ष-रोपण कर तथा आदतों में बदलाव लाकर भी संचित किया जा सकता है, मसलन- झरनों को छोटा करना तथा ब्रश करते वक़्त पानी का नल खुला न छोड़ना आदि। जल संरक्षण का अर्थ है जल के प्रयोग को घटाना एवं सफाई, निर्माण एवं कृषि आदि के लिए अवशिष्ट जल का पुनःचक्रण (रिसाइक्लिंग) करना आदि विषयों पर मूल्यवान सूचना दी । कार्यक्रम का संचालन गुंजन तथा रिया यादव ने किया । कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह, डॉ हरीश कसाना, प्रो नवीन तोमर जी, प्रो भवनीत सिंह बत्रा जी तथा समस्त स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन स्वयं सेवकों ने 'चुप्पी तोड़ो' थीम के तहत नारी सशक्तिकरण का ज्ञान प्राप्त किया

दिनांक 16.03.2023 को डी एन पी जी कॉलेज गुलावठी के बी आर इंटरनेशनल स्कूल गांव अट्टा में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन स्वयं सेवकों ने 'चुप्पी तोड़ो' थीम के तहत नारी सशक्तिकरण का ज्ञान प्राप्त किया।



कॉलेज प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने कहा की सशक्त भारत का निर्माण नारी के सशक्तिकरण के साथ ही संभव है । नारी जीवन प्रकृति की अनुपम देन है । बेटियों को कोई भी अत्याचार चुप रहकर नहीं सहना चाहिए । अत्याचार को चुप सहना अपराध है। बी आर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक श्री सतीश नागर ने स्वयं सेवकों को आत्म रक्षा एवम् आत्म निर्भरता की शिक्षा दी। बेटियां दो घर का उजाला होती हैं। स्कूल के निर्देशक श्री अमित नागर ने कहा कि बेटियां आज सशक्त हो रही हैं । अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रही हैं । हम अपने विद्यालय में स्वस्थ वातावरण का निर्माण कराएं हुए हैं । बेटियां की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है । मुख्य अतिथि के रूप में गांव अट्टा के सेवानिवृत प्राध्यापक श्री राजकुमार नागर जी ने अपने संबोधन में स्वयं सेवकों/सेविकाओं को अन्याय को चुप नहीं सहना है हमें उसका सामना करना है सूत्रवाक्य के द्वारा शपथ दिलाई और बताया कि बेटियां प्रकृति की श्रेष्ठ रचना है । बेटियां कभी कमजोर नहीं हो सकती । श्रृष्टि रचना में बेटियों का आधा भाग है । बेहतर कल के लिए बेटियों को आत्म निर्भर बनना होगा । बी आर इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती अंशु ने कहा कि घर में माता

पिता भाई तथा स्कूल में शिक्षक से प्रत्येक छात्रा को अपनी परेशानी को साझा करना चाहिए । हमें बच्चों को गुड टच तथा बेड टच के बारे में अवश्य बताना चाहिए । सरकार ने 181वूमन हेल्पलाइन की व्यवस्था नारी सुरक्षा हेतु की है । बी आर इंटरनेशनल स्कूल की आर्ट एंड क्राफ्ट की मैम वैष्णवी सिरोही ने स्वयं सेवकों को वेस्ट मैटेरियल के द्वारा सुंदर कलाकृतियों का निर्माण करना सिखाया । वैष्णवी मैम की सहायता से स्वयं सेवकों ने बहुत कुछ नया सीखा । कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने स्वयं सेवकों ने स्वयं सेवकों को नारी सशक्तिकरण के संबंध में काव्यपाठ के साथ महत्वपूर्ण सूचना दी । आज की थीम पर छात्र रिया गिरी ने आओ मिलकर ये चुप्पी तोड़े शीर्षक से कविता पाठ किया । साथ ही तमन्ना गोस्वामी, काजल यादव, विवेक आर्यन आदि ने भी अपने कविता एवम् भाषण से स्वयं सेवकों में जागृति की अलख जगाई । छात्र साजिया,प्राची तथा यशिका ने सुंदर एवम् उपदेशपरक रंगोलियां बनाई । कार्यक्रम का संचालन कुमकुम ने किया । शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह, डॉ हरीश कसाना, प्रो नवीन तोमर, प्रो पुष्पेंद्र मिश्र, प्रो पीयूष त्रिपाठी, तथा समस्त स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन स्वयंसेवकों के लिए पंचायती राज की संरचना एवम् क्रियाविधि थीम के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 17 फरवरी 2023 को डी एन पी जी कॉलेज गुलावठी के बी आर इंटरनेशनल स्कूल गांव अट्टा में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन स्वयं सेवकों के लिए पंचायती राज की संरचना एवम् क्रियाविधि थीम के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन कराया गया। कार्यशाला में भाजपा मंडल महामंत्री श्री अरविंद नागर ने स्वयं सेवकों को पंचायतीराज व्यवस्था की संरचना, कार्य प्रणाली तथा अधिकार क्षेत्र के विषय में महत्वपूर्ण सूचना दी।




पंचायत व्यवस्था में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा ग्राम पंचायत व्यवस्था को समझाया । ग्राम प्रधान के कार्य, अधिकार तथा सीमाएं एवम कार्य में आने वाली समस्याएं आदि के विषय में बताया । बी आर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक श्री अमित नागर ने कहा कि पंचायतराज व्यवस्था राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है । यह व्यवस्था ग्राम, क्षेत्र, जिला, मंडल, प्रदेश तथा राष्ट्र की ओर उत्तरोत्तर रूप में जुड़ी हुई है। प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने अपने संबोधन में पंचायत व्यवस्था को समग्र विकास में सबसे महत्वपूर्ण बताया । कहा कि आदर्श ग्राम की परिकल्पना के साथ ही आदर्श न्यायिक व्यवस्था स्थायी रूप ग्रहण कर पाती है। विकास की यह व्यवस्था क्रमिक है ।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि पंचायती व्यवस्था लोकतंत्र को मजबूत बनाने का काम करती है। डॉ हरीश कसाना ने कहा कि यह व्यवस्था एक संगठित समाज की स्थापना करती है। शिविर में आपदा प्रबंधन की प्रशिक्षित टीम ने आकस्मिक घटनाओं में तुरत करने वाले कार्यों जैसे सड़क दुर्घटना, बाढ़, भूकंप, भू-स्खलन हृदयाघात आदि के समय करने वाले कार्यों को बता कर व करके सिखाया।

शिविर में कपिल कुमार पाराशर निदेशक व्योम डिजिटल सर्विसेज तथा व्योम स्मार्ट क्लासेज फाउंडेशन का आगमन हुआ । कपिल पाराशर ने डिजिटल मीडिया की तकनीकी शिक्षा एवम् भविष्य को विस्तार से स्वयं सेवकों को अवगत कराया।

शिविर में बी आर इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अग्रिमा नागर,रिद्धि नागर,निर्मित चावड़ा,तनीषा सैफी,तानिया शर्मा,अदिति शर्मा, अविन,श्रृष्टि विधुरी,सोनाक्षी,वंशिका, मेहविश, दृष्टि,दर्शिका तथा यशी आदि छात्रों ने शिक्षा क्या,क्यों तथा कैसे विषय को संगोष्ठी के द्वारा बहुत ही बेहतर एवम आत्म विश्वास के साथ सभागार में प्रस्तुत किया । साथ ही समूह नृत्य तथा उपदेशपरक कविता पाठ आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिविर में सह कार्यक्रम अधिकारी प्रो नवीन तोमर तथा समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन पर्यावरण संरक्षण थीम के अंतर्गत पर्यावरण बचाओ जीवन बचाओ विषय पर चिंतन शिविर आयोजित



दिनांक 18 फरवरी 2023 को डी एन पी जी कॉलेज गुलावठी के बी आर इंटरनेशनल स्कूल गांव अट्टा में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन के पूर्वाह्न में पर्यावरण संरक्षण थीम के अंतर्गत पर्यावरण बचाओ जीवन बचाओ विषय पर चिंतन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बसंती देवी डिग्री कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ नेम कुमार उपस्थित हुए। अपने संबोधन में डॉ नेम कुमार ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमारे जीवन का मुख्य स्रोत है क्योंकि हम पर्यावरण से भोजन, पानी, हवा प्राप्त करते हैं। वास्तव में पर्यावरण हमारा संतुलन बनाए रखता है जहां हम हर पल सांस लेते हैं और जीते हैं। इस प्रकार हमारे जीवन की गुणवत्ता भी हमारे पर्यावरण पर निर्भर करती है। शिविर के आज विशिष्ट अतिथि बी आर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक श्री सतीश नागर जी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण स्वस्थ वातावरण का निर्माण करता है । पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक पीढ़ी का दायित्व है। हमारे द्वारा आज किए गए पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्य आने वाली पीढ़ी के काम आयेंगे। कॉलेज प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी ने शिविर में हो रहे विविध विषयी कार्यक्रमों की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा कहा कि स्वयं सेवकों का मुख्य उद्देश्य यही होना चाहिए कि अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाये जाएं । मुझे गर्व है कि महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी तथा स्वयं सेवक अपने इस भागीरथ प्रयास में पूर्ण निष्ठा से संलग्न हैं। मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण रक्षा की आज की थीम इसीलिए रखी गई जिससे पर्यावरण क्षरण को रोका जा सके तथा भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सके ।

थीम अंतर्गत विविध कार्यक्रम जैसे - पोस्टर बनाना, दीवारों पर पर्यवारण जागरूकता संबंधी स्लोगन लेखन, नुक्कड़ नाटक, भाषण, कविता पाठ आदि कार्य किए गए।

शिविर के अपराह्न सत्र की थीम सांप्रदायिक सद्भाव रही । इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बसंती देवी डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर जितेंद्र कुमार जी उपस्थित हुए । अपने वक्तव्य में प्रो जितेंद्र कुमार ने बताया कि भारत देश विविध संस्कृतियों का संगम है । यहां भिन्न भिन्न धर्मों के करोड़ों लोग मिलकर रहते हैं । एक दूसरे के साथ सहयोग की भावना का आदान प्रदान करते हैं। विभिन्न धर्मों से ऊपर मानव धर्म की स्थापना करते हैं। विशिष्ट अतिथि डाइट प्रवक्ता डॉ धनराज सिंह ने कहा कि समाज में एकता संगठन का होना आवश्यक है। धर्म के नाम पर भेदभाव समाज को खोखला करता है । शिक्षा का मुख्य उद्देश्य

सांप्रदायिक सद्भाव की स्थापना करना है । धर्म के नाम पर बिखरने से बचना चाहिए । बी आर इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती अंशु भाटी जी ने कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव का भाव समाज को जोड़ने का कार्य करता है। संप्रदाय भेद का भाव मानव निर्मित है, ईश्वर ने सभी को समान बनाया है । मानव का मानव से संबंध सद्भावपूर्ण होना चाहिए । डॉ हरीश कसाना ने कहा कि भारत का संविधान हमें स्वतंत्र रूप से जीवन जीने का अधिकार तो देता है परंतु साथ ही एक दूसरे धर्मों के प्रति सम्मान की हिमायत भी करता है । 'वसुधैव कुटुंबकम्' का भाव हमारी संस्कृति का प्राण है । थीम को समर्पित विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र वंश यादव तथा विवेक कुमार ने अपने विचार तथा काव्य पाठ द्वारा भाईचारे का भाव प्रचारित प्रसारित किया । छात्रा काजल,तमन्ना,पायल, उमा,रमा, मोनी, रिया,गुंजन तथा छात्र विवेक, वंश, अनुज,हेमंत,हिमांशु,रविन्द्र आदि ने उपदेशपरक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की । संचालन छात्रा काजल यादव ने किया । शिविर में प्रो नवीन तोमर, प्रो पुष्पेंद्र मिश्र, प्रो पीयूष त्रिपाठी, प्रो भवनीत सिंह बत्रा, स्कूल के निदेशक श्री अमित नागर तथा प्रधानाचार्य श्रीमती अंशु भाटी तथा समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन दिवस पर स्वयं सेवकों ने बापू मेला का आयोजन

दिनांक 19 फरवरी 2023 को डी एन पी जी कॉलेज गुलावठी के बी आर इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन दिवस पर स्वयं सेवकों ने बापू मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन कॉलेज प्राचार्य प्रो योगेश कुमार त्यागी तथा बी आर इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती अंशु भाटी जी ने फीता काटकर किया। मेले में स्वयं सेवक छात्रों ने विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो योगेश त्यागी ने स्वयं सेवकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा सभी स्वयं सेवकों के उत्कृष्ट कार्य को सराहा । कहा कि इस प्रकार के शिविर से छात्रों में स्वालंबन का भाव पैदा होता है, आत्मनिर्भरता तथा आत्मविश्वास आता है ।

प्रधानाचार्य श्रीमती अंशु भाटी ने कहा कि सभी स्वयं सेवकों ने सात दिवसीय शिविर में श्रेष्ठ अनुशासन तथा कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया । स्वयं सेवकों द्वारा किए गए श्रमदान, जागरूकता अभियान रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।






बापू मेला में स्वयं सेवकों ने दही बड़े, चाउमीन,चना चाट, फ्रूट कस्टर्ड, मोमोज, ब्रेड रोल, बिरयानी, शिकंजी, पेस्ट्री

- पेटीज, भेल पूरी, बर्गर, लस्सी, चिल्ली पोटेटो आदि तथा विविध गेम स्टॉल जैसे रिंग फ्रेम, अल्फाबेटिकल गेम, बलून शूट, मैग्नेट डर्ट्स, होपस्क्रोच तथा कैस्ट्रॉल आदि स्टॉल को लगाया । स्टॉल लगाने वाले छात्रों में समरीन,कुमकुम,रिया,खुशी, काजल, पायल, सोनी, सानिया,वर्षा,अंजली,साजिया,निशा,मोनी,विवेक,हेमंत,वंश ,हिमांशु,रविंद्र,विनीता,पप्पू,यशिका,उमा,हर्ष,विनोद,अनुज ,प्रज्ञा, विशाल,प्रमोद,सुमित, ऋषभ आदि रहे । कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने स्वयं सेवकों के अभूतपूर्व प्रयास की प्रशंसा की । मेले के बेहतरीन आयोजन हेतु सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री श्री अरविंद नागर, स्कूल निदेशक श्री अमित नागर, श्री राजकुमार नागर, श्री सतीश नागर, तथा कॉलेज के प्रो पुष्पेंद्र मिश्र, प्रो पीयूष त्रिपाठी, प्रो विनय कुमार सिंह, प्रो संदीप कुमार सिंह, प्रो भवनीत सिंह बत्रा,प्रो नवीन तोमर, डॉ हरीश कुमार कसाना आदि सपरिवार उपस्थित रहे।



























## विश्व क्षय दिवस के अवसर पर "निक्षय दिवस" का आयोजन

दिनांक 24 फरवरी 2023 को देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय (गुलावठी) बुलंदशहर में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर "निक्षय दिवस" का आयोजन किया गया। इसके तहत महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में भाग लेते हुए अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रोफ़ेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि टीबी का उन्मूलन

संभव है और इसके लिए हमें निश्चित सावधानियां अपनाने की जरूरत है। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि रसायनशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विनय कुमार सिंह ने कहा कि विश्व में अब तक अनेक महामारियाँ आ चुकी हैं। सावधानी और उपचार के द्वारा उन सबका समाधान किया जाना संभव है।

शारीरिक शिक्षा विभाग के नवीन तोमर ने विद्यार्थियों को स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है की व्याख्या करते हुए शारीरिक रूप से मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर पीयूष त्रिपाठी ने कहा कि टीवी के लिए लगातार छह महीने तक एंटीबायोटिक की दवाएं जरूरी हैं। यदि एक भी दिन यह दवा छूट जाती हैं तो फिर से 180 दिन तक यह दवाई खाई जानी चाहिए। प्रोफेसर त्रिपाठी ने कहा कि टीवी एक लाइलाज बीमारी नहीं है और इसका इलाज संभव है।

कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संदीप कुमार सिंह ने किया। जबकि इस अवसर पर अतुल तोमर, डॉक्टर महेंद्र कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार मिश्र, अवधेश कुमार सिंह, भवनीत सिंह बत्रा, हरिदत्त शर्मा, नरेश कुमार, शशि कपूर और श्याम प्रकाश आदि सहित बडी संख्या मे विद्यार्थी उपस्थित रहे।

********

# About the College

Since its inception in 1966, the college is the oldest institute catering to the higher educational needs of Gulaothi in Bulandshahr district of Uttar Pradesh and its surrounding area. The college is located about 90 kilometers from National Capital Territory of Delhi. It runs Bachelor's Degree Courses in Arts and Sciences and M.A. in Economics-Self Finance. The alumni of the college are placed in various reputed academic and administrative posts across the length and breadth of India. The college has been playing an instrumental role in bringing about major positive changes in the life of college students, residents in the rural catchment area and the society at large in the hinterlands of Western Uttar Pradesh.

The college aims to create human resources that can keep pace with the changing global conditions and provide leadership. With effect from the academic session 2021-2022, the college is implementing courses based on 'Choice Based Credit System' according to the 'New Education Policy, 2020. In the new education policy, additional emphasis has been laid on practical aspects and skill development. To take advantage of these opportunities, the college has a team of qualified and experienced professors. Various activities are organized throughout the year in the college to develop the management and leadership skills of students through learner-centered activities. In order to fulfil its social obligations, the college also aims to empower the most vulnerable sections of the society.

**https://dnpgcollege.ac.in/newsletter**

## Contact

**Devanagari Post Graduate College**
Meerut Road, Near Sikandrabad Bus Stand
Gulaothi, Distt. Bulandshahr (U.P.) – 203408

**Phone:** +91-853-298-2628

**Email:** dnpgcgulaothi@gmail.com

**Google Map Location:** https://goo.gl/maps/JUmeTjymETudMEp77